दैनिक भास्कर रांची, मंगलवार 16 जून, 2015 5

इक्फाई विवि में पीएचडी कोर्स वर्क शुरू

रांची | इक्फाई विवि में सोमवार को पीएचडी के नए बैच के कोर्स वर्क सेशन का उद्घाटन हुआ। कोर्स में विभिन्न राज्यों के 20 स्टूडेंट्स ने नामांकन लिया है। उद्घाटन समारोह में कुलपति प्रो. ओएस राव ने कहा कि पीएचडी में क्वालिटी एजुकेशन के कारण विभिन्न राज्यों के रिसर्च स्कॉलरों ने यहां एडमिशन लिया है। इक्फाई विवि जीबी के सदस्य डॉ. केके नाग ने कहा कि रिसर्च स्कॉलरों की जिज्ञासा बच्चों की तरह होनी चाहिए। पूर्व वीसी डॉ. एए खान ने कहा कि किसी भी विवि की पहचान वहां होनेवाले रिसर्च से होती है। डॉ. बी प्रसाद ने कहा कि इक्फाई विवि रिसर्च स्कॉलरों को बेहतर मंच प्रदान कर रहा है। रजिस्ट्रार डॉ. बीएम सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर फैकल्टी व रिसर्च स्कॉलर मौजूद थे।

the pioneer capital 03
RANCHI | TUESDAY | JUNE 16, 2015

FINANCIAL SERVICES SEMINAR AT ICFAI VARSITY

Prime Minister's 'Financial Inclusivity' initiative, coupled with the growth of Indian economy will fuel the growth of Banking Sector, which is expected to create 10 Lakh jobs in the next five years. In order to build awareness of this among the youth, the ICFAI University Jharkhand, will organize on ' Career Prospects in Banking and Financial Services Sector in the next 5 years' at its Daladali campus on Tuesday.

रांची LIVE सिटी
मंगलवार, 16 जून 2015
हिन्दुस्तान 19

संक्षेप

इक्फाई में पीएचडी के नए बैच की शुरुआत

रांची। इक्फाई विवि में पीएचडी के नए बैच की शुरुआत सोमवार को हुई। पाठ्यक्रम में 20 स्कॉलरो ने रांची के अलावा बेंगलुरु, जमशेदपुर, कोलकाता, पटना, पुणे, तिरुवनंतपुरम जैसे विभिन्न स्थानों से प्रवेश लिया। सभी स्कॉलर अच्छी कंपनियो में कार्यरत हैं। विवि के कुलपति प्रो. ओआरएस राव ने कहा कि पीएचडी पाठयक्रम की गुणवत्ता यह संकेत है कि देश भर से योग्य और अनुभवी पेशेवरों ने विवि के इस पाठयक्रम में शामिल होने का फैसला लिया है।

03 हिन्दुस्तान
रांची • मंगलवार • 16 जून 2015

- आईसीएफएआई यूनिवर्सिटी का सेमिनार, दलादली चौक, रातू, 2 बजे

प्रभात खबर
www.prabhatkhabar.com
रांची, मंगलवार
16.06.2015 | 21

इक्फाइ विवि

प्रबंधन में पीएचडी कोर्स के नये बैच का उदघाटन



रांची. इक्फाइ विवि, झारखंड में पीएचडी कोर्स के नये सत्र 2015-19 बैच का कोर्स वर्क सेशन का सोमवार को उदघाटन किया गया. इस कोर्स में 20 स्कॉलरों ने रांची के अलावा बेंगलुरु, जमशेदपुर, कोलकाता, पटना, पुणे, तिरूवंतपुरम जैसे विभिन्न स्थानों में प्रवेश लिया.

ये सभी स्कॉलर वर्तमान में बीएसएनएल, सेल, एक्सेंचर, सेंटावीटा अस्पताल, वोडाफोन, फिलिप्स, आइएसएम, एलएन मिश्रा इंस्टीट्यूट, एनआइसीएनआर आदि जगहों पर कार्यरत हैं. सभी स्कॉलरों का स्वागत कुलपति प्रो ओआरएम राव ने किया. रांची विवि के पूर्व कुलपति डॉ केके नाग ने कहा कि नये ज्ञान की खोज के लिए स्कॉलरों को कड़ी मेहनत करनी होगी. एक बच्चे की तरह जिज्ञासा एक शोधकर्ता के लिए महत्वपूर्ण है. रांची विवि के पूर्व कुलपति प्रो एए खान ने कहा कि वे अपने साथी स्कॉलरों के विविधता को जानने के लिए एक-दूसरे से बातचीत करें. प्रसार, विकार और समरूपता नये अंतरदृष्टि लायेगा. इस मौके पर डॉ बी प्रसाद, डॉ एससी स्वेन ने भी अपने विचार रखे. डॉ बीएम सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया.

सन्मार्ग
रांची, मंगलवार, 16 जून 2015 | 04
www.sanmargjharkhand.com

ईक्फाई में पीएचडी का नया बैच शुरू

संवाददाता

रांची : ईक्फाई विवि झारखंड में सोमवार को पीएचडी इन मैनेजमेंट (सत्र 2015-19) का नया बैच शुरू हुआ। पाठ्यक्रम के 20 स्कॉलरों का स्वागत संस्थान में पारंपरिक तरीके से किया गया। सभी स्कॉलरों को संबोधित करते हुए विवि के कुलपति प्रो. ओआरएस राव ने कहा कि देशभर के पेशेवर लोगों ने इस प्रबंधन कोर्स को करने का फैसला लिया है। यह सुखद अनुभव है। इस मौके पर विवि के गवर्नेंस बॉडी के सदस्य डॉ. केके नाग, रजिस्ट्रार बीएम सिंह, रांची विवि के पूर्व कुलपति प्रो. एए खान, प्रबंधन बोर्ड के सदस्य डॉ. बी प्रसाद, शैक्षणिक सलाहकार डॉ. हरिहरण, सहायक डीन डॉ. एससी स्वेन ने भी नये स्कॉलर्स को संबोधित किया।

आज सेमिनार का आयोजन

ईक्फाई विवि, झारखंड में मंगलवार को दलादली स्थित कैंपस में हाउसबैंकिंग व वित्त सेवाओं में कैरियर की संभावनाओं पर एक सेमिनार आयोजित किया जायेगा। इसमें सभी शिक्षक व छात्र भाग लेंगे। सेमिनार दो बजे से शुरू होगा।

खबर मन्त्र
रांची, मंगलवार, 16 जून, 2015 | 05

एक नजर में

प्रबंधन पीएचडी के नये बैच का उद्घाटन

रांची। इक्फाई विश्वविद्यालय में सोमवार को सत्र 2015-19 बैच के लिये प्रबंधन पीएचइडी के नये बैच का उद्घाटन हुआ। इस पाठ्यक्रम में 20 स्कॉलर ने विभिन्न राज्यों से प्रवेश लिया। विश्वविद्यालय के कुलपति ओआरएस रॉव ने बताया कि सभी स्कॉलर वर्तमान में बीएसएनएल, सेल, एक्सेंचर, सेंटावीटा अस्पताल, वोडाफोन आदि कई कंपनियों में कार्यरत है। अलावे कई स्कॉलर आइएसएम, एलएन मित्रा, एनआइसीएमआर जैसे प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्थानों में कार्यरत हैं। श्री राव ने कहा कि विवि में पीएचडी पाठ्यक्रम की गुणवता या यह संकेत है कि देश से योग्य और अनुभवी पेशेवरों ने इस पाठ्यक्रम में शामिल होने का फैसला लिया।

इक्फाई विवि : प्रबंधन में पीएचडी पाठ्यक्रम शुरू

संवाददाता

रांची: इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड में पीएचडी पाठ्यक्रम की शुरुआत की गई है। सोमवार को पीएचडी पाठ्यक्रम के सत्र 2015-19 बैच के कोर्स वर्क सेसन का उद्घाटन किया गया। इस पाठ्यक्रम में 20 स्कॉलरों ने रांची के अलावा बंगलुरू, जमशेदपुर, कोलकत्ता, पटना, पुणे, तिरूवनंतपुरम जैसे विभिन्न स्थानों से प्रवेश किया। ये सभी स्कॉलरों वर्तमान में बीएसएनएल, सेल, एक्सेंचर, सेंटावीटा अस्पताल, वोडाफोन, फिलिप्स जैसे कंपनियों में कार्यरत हैं तथा इसके अलावा आईएसएम, एलएन मिश्रा, एनआईसीएमआर जैसे प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्थानों में कार्यरत हैं। मौके पर कुलपति प्रो ओआरएस राव ने कहा कि विवि के पीएचडी पाठ्यक्रम की गुणवत्ता का यह संकेत है कि देश भर से योग्य और अनुभवी पेशेवरों ने विश्वविद्यालय की इस पाठ्यक्रम में शामिल होने का फैसला लिया। प्रो राव ने कहा कि यहां पर यह गौर करने की बात है कि सभी स्कॉलर उद्योग तथा समाज के लिए प्रासंगिक क्षेत्रों में अनुसंधान करने में काफी भावुक होते हैं। मौके पर विवि के सदस्य बोर्ड ऑफ गवर्नेंस डॉ केके नाग ने स्कॉलरों को संबोधित करते हुए कहा कि वे कड़ी मेहनत करें जिससे नई ज्ञान की खोज हो।

रांची विवि के पूर्व कुलपति डॉ एए खान ने कहा कि वे अपने साथी स्कॉलरों के विविधता को जानने के लिए एक दूसरे से प्रसार, विकार और समरूपता नए अंतदृष्टि लाएगा। कार्यक्रम में डॉ हरिहरण, डॉ एससी स्वेन, कुलसचिव डॉ वीएम सिंह समेत विवि के अन्य शिक्षक, छात्र एवं कर्मचारी मौजूद थे।